हे गौरा माँ पार्वती

हे गौरा माँ पार्वती, तेरा दूल्हा कैसे आया है ॥
दूल्हा कैसे आया है, तेरा दूल्हा कैसे आया है।
हे गौरा माँ पार्वती, तेरा दूल्हा कैसा आया है ॥
हे गौरा माँ पार्वती।

सबके दूल्हे आते हैं, वो घोड़ी चढ़ के आते हैं।
तेरा दूल्हा पार्वती ॥, बैल पे चढ़ के आया है।
हे गौरा माँ पार्वती,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

सबके दूल्हे आते हैं, वो बैंड बाजा लाते हैं।
तेरा दूल्हा पार्वती ॥, डमरू बजाता आया है।
हे गौरा माँ पार्वती,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

सबके दूल्हे आते हैं, वो टाई पहनकर आते हैं।
तेरा दूल्हा पार्वती ॥, भांग लपेटे आया है।
हे गौरा माँ पार्वती,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

सबके दूल्हे आते हैं, वो बूट शूट में आते हैं।
तेरा दूल्हा प्रवती ॥, वाघंबर में आया है।
हे गौरा माँ पार्वती,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

सबके दूल्हा आते हैं, वो कोका कोला पीते हैं।
तेरा दूल्हा पार्वती ॥, भांग चढ़ा के आया है।
हे गौरा माँ पार्वती,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

सबके दूल्हे आते हैं, वो चाट पकोड़ी खाते हैं।
तेरा दूल्हा पार्वती ॥, भांग धतूरा खाता है।
हे गौरा माँ पार्वती,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

सबके दूल्हे आते हैं, वो गीत गुण गुनाते हैं।
तेरा दूल्हा पार्वती ॥, बम बम करता आया है।
हे गौरा माँ पार्वती,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

सबके दूल्हे आते हैं, वो हीरे मोती लाते हैं।
तेरा दूल्हा पार्वती ॥, नाग पटारी लाया है।
हे गौरा माँ पार्वती,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,
अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18373/title/hey-gaura-maa-parvati

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |